आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अंडमान निकोबार द्वीप समूह को दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

2. राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा विद्यार्थी विज्ञान मंथन में द्वीप समूह के तीन छात्रों ने शानदार उपलब्धि हासिल कीं।

3. लिटिल अंडमान के हट बे जेट्टी पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

4. मत्स्य संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में मत्स्य विभाग ने पहल करते हुए एक्सेस पास धारकों को वॉएज रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में कल सम्पन्न हुए दो दिवसीय चिंतन शिविर में अंडमान निकोबार द्वीप समूह को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। केंद्रशासित प्रदेश का आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 'बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से सर्वाधिकपूर्व स्वीकृतियाँ' श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला केंद्रशासित प्रदेश घोषित किया गया। यह सम्मान स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत पारदर्शी, प्रभावी और लाभार्थी–अनुकूल सेवाएं सुनिश्चित करने में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के उत्कृष्ट उपयोग के लिए प्रदान किया गया। वहीं, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत 'रजिस्ट्री एचपीआर एवं एचएफआर सैचुरेशन' श्रेणी में द्वीप समूह को सर्वश्रेष्ठ केंद्रशासित प्रदेश का पुरस्कार मिला। यह उपलब्धि हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री और हेल्थकेयर फैसिलिटीज रजिस्ट्री के व्यापक पंजीकरण के माध्यम से डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मिली। समापन समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ डॉ. सुनील कुमार बर्नवाल तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किए। केंद्रशासित प्रदेश की ओर से राज्य नोडल अधिकारी डॉ. पी. लाल ने पुरस्कार प्राप्त किए।

<><><><><><><>

विद्यार्थी विज्ञान मंथन राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा में अंडमान निकोबार के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर द्वीप समूह का गौरव बढ़ाया है। विज्ञान भारती, एनसीईआरटी और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित परीक्षा के राज्य स्तरीय शिविर में प्रथम एवं द्वितीय

स्थान प्राप्त करने वाले छात्र आईआईटी गांधीनगर, गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय शिविर के लिए चयनित हुए। नेवी चिल्ड्रेन स्कूल, मिनी बे के कक्षा सातवीं के छात्र मास्टर ईशायु तावकर राष्ट्रीय स्तर पर हिमालयन श्रेणी में विजेता बनें। वहीं लम्बालाइन स्थित विवेकानंद केंद्र विद्यालय, लंबा लाइन के कक्षा छठीं के छात्र मास्टर हार्दिक चक्रवर्ती ने प्रथम तथा नेवी चिल्ड्रेन स्कूल, मिनी बे की कक्षा नौवीं की छात्रा बिदिशा मैती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों के सम्मान में विज्ञान केन्द्र, श्री विजयपुरम के सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अटल सेंटर फॉर ओशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रभारी एवं वैज्ञानिक डॉ. दिलीप कुमार झा ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

<><><><><><><>

बहात्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में हिंदी फिल्म 'आर्टिकल 370' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला है। नई दिल्ली में कल शाम पुरस्कारों की घोषणा करते हुए फीचर फिल्म श्रेणी के जूरी अध्यक्ष जयराज ने बताया कि अभिनेता ममूटी और कार्तिक आर्यन को उनकी फिल्मों 'ब्रह्मयुगम' और 'चंदू चौंपियन' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का संयुक्त राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा कि अभिनेत्री यामी गौतम को फिल्म 'आर्टिकल 370' में उनके अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्कार आनंद एल राय को उनकी फिल्म 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी—एकता का प्रतीक' के लिए दिया जाएगा।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के सीडी ब्लॉक स्थित ब्लॉक विकास कार्यालय द्वारा कल हट बे के ब्रेकवाटर जेट्टी पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के बारे में जागरूक करते हुए कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण, ठोस अपशिष्ट का जिम्मेदारीपूर्ण निस्तारण, एकल—उपयोग प्लास्टिक के प्रयोग में कमी तथा स्वच्छ, स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाए रखने में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय ने विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में मत्स्य संसाधनों के सतत दोहन नियम, 2025 के तहत संचालित सभी एक्सेस पास धारकों को प्रत्येक मछली पकड़ने की यात्रा पूर्ण होने के तुरंत बाद अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रारूप में वॉएज रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश भारत सरकार के मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के मत्स्य विभाग द्वारा इस साल जनवरी में

अधिसूचना के अनुसार दिए गए हैं। इसमें प्रत्येक मछली पकड़ने वाली नाव के संचालक को प्रत्येक यात्रा समाप्त होने पर संबंधित पंजीकरण बंदरगाह के राज्य मत्स्य विभाग को निर्धारित प्रारूप में वॉयेज रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। हितधारकों की सुविधा के लिए यह प्रारूप अंडमान निकोबार प्रशासन के मत्स्य विभाग की आधिकारिक वेबसाइट तथा दक्षिण अंडमान के क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय में उपलब्ध रहेगा।

<><><><><><><>

डिगलीपुर और गाराचरमा में पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा कुत्तों के काटने से बचाव तथा रेबीज के प्रति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डिगलीपुर पशु चिकित्सालय के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी एवं उनकी टीम ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सुभाष ग्राम में  कुत्तों के काटने से बचाव पर जागरुक किया। विद्यार्थियों को पशु संख्या नियत्रंण के लिए टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गई। पशु विभाग द्वारा गाराचरमा के पशु चिकित्सालय द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालीकट में भी इस समस्या के प्रति जागरुक किया गया।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय आइलैंड मॉनसून फूड एंड कल्चर फेस्टिवल का आज अंतिम दिन है। पर्यटन कैलेंडर के प्रमुख आयोजनों में शामिल इस महोत्सव में प्रतिदिन शाम 5 से रात 9 बजे तक पर्यटकों की भागीदारी देखने को मिल रही है। इस फेस्टिवल में स्थानीय उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, सामुदायिक संगठनों और सांस्कृतिक संस्थाओं के स्टॉलों पर पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेने का अवसर मिल रहा है।

<><><><><><><>

विशाखापट्‌टनम से रवाना हुआ यात्री जहाज एम वी स्वराज द्वीप के आज सुबह दस बजे तक हैड्‌डों जेट्‌टी पहुंचने की संभावना है।

यह, जहाज 22 जुलाई को सुबह 10 बजे श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा। जहाज में सामान की लोडिंग इक्कीस जुलाई को  दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक की जाएगी, जबकि यात्रियों का जहाज पर चढ़ना 22 जुलाई सुबह सात बजे से शुरू होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा कार्यालय द्वारा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए अंतर विद्यालयीय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 30 जुलाई तक राजकीय वरिष्ठ

माध्यमिक विद्यालय, भातूबस्ती मैदान में किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस, टीमवर्क तथा समग्र विकास को बढ़ावा देना है। दक्षिण अंडमान क्षेत्र के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ये प्रतियोगिता बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>